**प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय**
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विष्वविद्यालय,
उदयपुर – 313001 भारत

**डा.एस. एस. राठौड़**
**अधिष्ठाता**

क्रमांक सीटीएई / एस एस / 2017 /
दिनांक 20.3.2017

# प्रेस विज्ञप्ति

## सीटीएई में 'टेक फेस्ट 2017 का आगाज

उदयपुर, 20 मार्च 2017! महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संगठक, प्रौद्योगिकी एवं अभियान्त्रिकी महाविद्यालय में 23 मार्च 2017 से 26 मार्च 2017 तक तकनीकी एवं सांस्कृतिक संगम '**टेक फेस्ट** 2017 ' का आयोजन किया जायेगा। **टेक फेस्ट 2017** में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय के **अधिष्ठाता डा.एस. एस. राठौड** ने बताया कि हर बार की तरह अभियांत्रिकी विद्यार्थियों के टेक फेस्ट में दी जाने वाली विभिन्न प्रस्तुतियों की प्रविष्टियों का पंजीकरण किया जायेगा। छात्रों के तकनीकी कौशल को दर्शाने हेतु रोबोरेस की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा और विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा।

**टेक फेस्ट 2017** के सफल आयोजन हेतु 6 कमेटियों का गठन किया गया है। 23 से 25 मार्च 2017 तक की सभी प्रतियोगिताएं एवं ऑडिशन सीटीएई में होंगे एवं मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 मार्च को सुबह 9 बजे से **मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के सभागार** में होंगे।

प्रोफेसर त्रिलोक गुप्ता, सलाहकार सीएलएसयू एवं सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 23 मार्च को एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, समूह गायन, फेशन शो प्रतियोगिताओं के ऑडिशन लिए जायेंगे। दिनांक 24 मार्च को हिन्दी एवं अंग्रेजी वाद–विवाद, नुक्कड़ नाटक, रोबोरेस, काउन्टर स्ट्राइक, ट्रेजर हंट,, आशुभाषण, काव्य पाठ, ब्रिज मेकिंग, मुख चित्रण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। 25 मार्च को हिन्दी एवं अंग्रेजी वाद–विवाद, रंगोली, फोटोग्राफी, प्रश्नोत्तरी, सर्किट डीबग्गिंग, टेटू, आई++ तथा 26 मार्च को मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, समूह गायन एवं फेशन शो आदि का आयोजन **मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के सभागार** में किया जायेगा।

सीएलएसयू के अध्यक्ष श्री अजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिताओं को लेकर सभी छात्र अत्यधिक उत्साहित है और कुशलता पूर्वक अपने तकनीकी एवं सांस्कृतिक कला कौशल को प्रदर्शित करने हेतु विभिन्न तैयारियों में जुटे हुए हैं ।

**(डॉ. एस. एस. राठौड)**
**अधिष्ठाता, सीटीएई**
**उदयपुर, राजस्थान**